वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
अनुसंधान भवन, 2, रफ़ी मार्ग, नई दिल्ली – 110001

*********

संख्या: 6-9(53)//78/2004-ई.III

दिनांक: 07/01/2022

कार्यालय ज्ञापन

**विषय: कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए निवारक उपाय - सीएसआईआर मुख्यालय के कर्मचारियों/अधिकारिओं द्वारा कोविड पॉजिटिव होने की सूचना के सन्दर्भ में**

कुछ स्टाफ सदस्य हाल ही में कोरोना वायरस से पीड़ित हुए हैं जिसकी सूचना या तो सीधे उनसे या उनके विभागाध्यक्षों के माध्यम से कार्यालय को व्हाट्सएप/ई-मेल पर प्राप्त हुई है। सभी मामलों में पीड़ित स्टाफ मेम्बर के सीधे संपर्क में आने वालों के बारे में सूचित किया गया है।

उपरोक्त के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, कार्यालय के लिए ऐसी किसी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करना तथा संबंधितों को समय पर सचेत करना संभव नहीं है। यह ध्यान में रखते हुए कि सम्बंधित कर्मचारियों को तुरंत सचेत करने की आवश्यकता होती है, यह सलाह दी जाती हैं कि यदि किसी स्टाफ मेम्बर की कोरोना टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आती हैं तो उक्त स्टाफ मेम्बर अपने संपर्क में आने वाले दूसरे सभी स्टाफ मैंबर्स को अपने स्तर पर सचेत करे ताकि कोरोना पॉजिटिव आने वाले स्टाफ मेम्बर के संपर्क में आने वाले दूसरे स्टाफ मेंबर्स किसी भी कार्यालयी कम्युनिकेशन का इन्तजार किये बिना भारत सरकार,राज्य सरकार और सी०एस०आई०आर० द्वारा निर्धारित मानक प्रोटोकॉल का पालन कर सकें। यह भी सलाह दी जाती हैं कि कोरोना पॉजिटिव स्टाफ मेम्बर अपने पॉजिटिव होने की सूचना यथा उचित माध्यम से अपने संभाग प्रमुख को भी दे दे ताकि वे परिषद् मुख्यालय के सिविल रखरखाव प्रभाग को प्रभावित स्टाफ मेंबर्स के कमरों के डिसइंफेक्शन करने के लिए कह सकें|

एस०के० यादव
(एस० के० यादव)
अवर सचिव(के० का०)

**प्रति:**

1. परिषद् मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों को इस इस अनुरोध के साथ कि वे इस कार्यालय ज्ञापन की विषयवस्तु से सभी संबंधितों को अवगत कराने का कष्ट करें|
2. आई० टी० डिवीज़न को इस अनुरोध के साथ कि वे इस कार्यालय ज्ञापन को सी० एस० आई० आर० की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें|
3. परिषद् मुख्यालय के सभी नोटिस बोड्र्स|
4. कार्यालय प्रति|